**बिहार सरकार**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**

पत्रांक– प्र03–विविध (प्रशिक्षण)–01/2020 3974 खाद्य/पटना, दिनांक– 05/09/23

प्रेषक,

विनोद कुमार तिवारी,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

विषयः– प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों/आपूर्ति निरीक्षकों के प्रशिक्षण के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के संबंध में आप अवगत हैं कि राज्य अंतर्गत सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों/आपूर्ति निरीक्षकों का विभिन्न चरणों में क्रमवार प्रशिक्षण बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान के गया कैम्पस में आयोजित करवाया गया है। दिनांक 01.09.2023 को अपराह्न 5.00 बजे महानिदेशक, बिपार्ड की अध्यक्षता में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आहूत बैठक में यह निदेशित किया गया है कि यदि कोई भी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/आपूर्ति निरीक्षक प्रशिक्षण से वंचित रह गया हो तो उसे बिपार्ड, पटना/गया कैम्पस में प्रशिक्षण दिलवाना सुनिश्चित किया जाए।

अतः अनुरोध है कि राज्य अंतर्गत किसी भी जिले/अनुमंडल/प्रखंड में पदस्थापित कोई प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/आपूर्ति निरीक्षक बिपार्ड में प्रशिक्षण से वंचित रह गया हो, तो तत्संबंधी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों/आपूर्ति निरीक्षकों की समेकित सूची अविलंब विभाग को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु बिपार्ड से समन्वय स्थापित किया जा सके।

विश्वासभाजन,

05/09/23

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक– प्र03–विविध (प्रशिक्षण)–01/2020 3974 खाद्य/पटना, दिनांक–05/09/23

प्रतिलिपि– विशिष्ट पदाधिकारी, अनुभाजन, पटना/अपर जिला दंडाधिकारी (आपूर्ति), पटना/सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी/सभी अनुमंडल पदाधिकारी एंव सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/आपूर्ति निरीक्षकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/09/23

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक– प्र03–विविध (प्रशिक्षण)–01/2020 3974 खाद्य/पटना, दिनांक– 05/09/23

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–01 एवं आई0टी0 प्रबंधक, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/09/23

विशेष कार्य पदाधिकारी।

D/Sec 3, 2023/Avinash/Draft vividh 2